विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के 1-बुधवार के लिए निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तरः-

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 3 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 व 2023-24 में गेहूं खरीद के कितने क्रय केन्द्र बनाये गये तथा सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कितना था एवं कितने-कितने कुन्टल गेहूं की खरीद की गयी? | वित्तीय वर्ष 2021-22,2022-23 एवं 2023-24 में गेहूँ क्रय हेतु स्थापित किये गये क्रय केन्द्रों, क्रय लक्ष्य एवं की गयी खरीद का विवरण निम्नवत है:- |

| क्र० सं० | वर्ष | स्थापित क्रय केन्द्र | क्रय लक्ष्य (मात्रा लाख मी0 टन में) | कुल खरीद (मात्रा लाख मी0 टन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 5678 | निर्धारित नहीं | 56.41 |
| 2 | 2022-23 | 5683 | 60.00 | 3.36 |
| 3 | 2023-24 | 5890 | 60.00 | 2.20 |

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (ख) क्या निर्धारित खरीद के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है? | जी नहीं। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना में निर्धारित क्रय लक्ष्य, कार्यकारी लक्ष्य होता है, जिसका उद्देश्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप क्रय हेतु वित्तीय एवं अन्य व्यवस्थायें यथा-बोरा आदि सुनिश्चित कराने के लिए होता है। योजना का उद्देश्य किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम०एस०पी०) का लाभ दिलाना होता है। यदि किसानों को खुले बाजार में एम०एस०पी० से अधिक मूल्य प्राप्त होता है, तो योजना के उद्देश्य की पूर्ति हो जाती है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।